


नवभारत 6

भोपाल, सोमवार, 7 सितंबर, 2026


# डकैती की घटना पुलिस ने दर्ज की चोरी में : महेंद्र सिंह

## ग्राम खैजरा अटारी में हुई चोरी के मामले में माल बरामद नहीं, पुलिस कार्यप्रणाली पर फरियादी ने उठाए सवाल

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के ग्राम अटारी खैजरा में 3-4 नवंबर 2025 की दरमियानी रात महेंद्र यादव के घर हुई डकैती व मारपीट की घटना के करीब 10 महीने बीत चुके हैं। मामले में पूरा माल बरामद न होने और पुलिस की कार्यशैली से असंतुष्ट फरियादी महेंद्र यादव ने रविवार को शहर में पत्नी के साथ पत्रकार वार्ता कर पुलिस कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किये।

पत्रकार वार्ता के दौरान महेंद्र यादव ने बताया कि घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं थीं, जिससे उन्हें देखने में भी परेशानी हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि शाढ़ौरा थाना पुलिस ने लूट व डकैती के बजाय सिर्फ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी और जमानत की



जानकारी भी उन्हें नहीं दी गई। तीन पीढ़ियों का सामान लुट जाने और भेदी का खुलासा न होने से पीड़ित परिवार भयभीत है। उन्होंने एसपी से मिलने के बाद भी न्याय न मिलने पर अब मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी पीड़ा बताने की बात कही है।

आधा दर्जन से अधिक लोग थे, फिर एफआईआर में तीन चार के नाम ही:

पत्रकार वार्ता के दौरान फरियादी महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जब डकैत उनके घर में घुसे तो उन पर करीब चार से पांच लोगों ने हमला किया था, तो वहीं घर के बाहर दो लोग खड़े थे, जो बल्प के उजाले में दिखाई दे रहे थे। घर में घुसने के बाद चोरो ने मेरे साथ मारपीट की, जिसके चलते मुझे दिखना बंद हो गया था, तो वहीं पुलिस को मैने पूरी जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने मुझे एफआईआर देते हुए रखने की बात कहीं। जब मेरा इलाज पूरा हो गया और मुझे दिखने लगा तो मैने एफआईआर देखी तो उसमें सिर्फ तीन से चार लोग ही लिखे थे। वहीं उन्होंने घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि आरोपियों ने जहां उनके साथ मारपीट की थी, तो वहीं उनके एक थैले में रखे नगदी करीबन 02 लाख रूपये व सोने के 3 हार, एक जोड़ वाला, अगूंठी 4, नथ बैन्दा-एक, नाक काटा, सोने की मोहरे पान एवं चांदी के जेवरात सभी पुरानी इस्तमाली थी व एक बड़ी टार्च, इन्डेक्शन चूल्हा व 5 किलो घी जोकि स्टील की बर्नी सहित अन्य सामान वह उठा ले गए।

***इनका कहना है।***

*खैजरा अटारी वाली घटना में कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था और उनके कब्जे से 3 से 4लाख रुपये की मशरूका बरामद की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में पहले चोरी की धाराएं थीं, जिन्हें बढ़ाकर अब डकैती की धाराओं में बदल दिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*

***सुनील सिकरवार, निरीक्षक***
***थाना प्रभारी शाढ़ौरा***



# आबकारी विभाग ने 10 मदिरा दुकानों का किया निरीक्षण

**सागर की घटना के बाद हरकत में आया विभाग**

**अवैध शराब के 4 मामले भी बनाए**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** सागर जिले में हुई जहरीली शराब की घटना के बाद शासन और प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्र म में रविवार जिला आबकारी विभाग अशोकनगर द्वारा जिले में लगातार गश्त और दबिश की कार्रवाई की गई। सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने जिले की लगभग 10 कंपोजिट मदिरा दुकानों का सघन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक की बारीकी से जांच की गई और मदिरा की शुद्धता परखने के लिए उसके सैंपल भी लिए गए। इस दौरान अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त दबिश दी गई, जिसमें विभाग को बड़ी सफलता मिली। इस दौरान वृत्त अशोकनगर में अवैध मदिरा के 02 प्रकरण दर्ज किए गए। वृत्त ईसागढ़ अवैध मदिरा का 01 प्रकरण दर्ज किया गया। वृत्त मुंगावली अवैध मदिरा का 01 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार कुल 04 अवैध मामलों में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क और 34(च) के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आम जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध और जहरीली शराब की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

## एक नजर में

### भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक आज

**अशोकनगर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा जिला कार्य समिति की बैठक 7 सितंबर सोमवार को प्रात: 10 बजे अग्रवाल पैलेस स्टेशन रोड पर आयोजित की गई है। जिसमें अपेक्षित कार्यकर्ता शामिल होंगे।



### जिला जेल बाल विदुषी राधिका किशोरी जी ने बंदियों को दिए गीता के उपदेश

**अशोकनगर।** जिला जेल में बंदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और उन्हें नैतिक शिक्षा से जोड़ने के लिए एक विशेष आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में वृंदावन धाम से पधारीं प्रसिद्ध कथा वाचक बाल विदुषी राधिका किशोरी जी ने बंदियों को श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेश, नशामुक्ति और भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर बहुत ही भावपूर्ण कथा वाचन किया।

अपने प्रेरणादायी प्रवचन के दौरान बाल विदुषी राधिका किशोरी जी ने बंदियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र और गीता के संदेशों से सीख लेकर अपने जीवन को बेहतर बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बुराइयों और नशे से पूरी तरह दूर रहने तथा अच्छे संस्कारों को अपनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी मनुष्य अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, अच्छे विचारों और सही आध्यात्मिक मार्गदर्शन के बल पर अपने जीवन में एक सकारात्मक बदलाव ला सकता है। कार्यक्रम के दौरान बाल विदुषी सिया किशोरी जी ने अपनी मधुर आवाज में एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इन भजनों ने पूरी जेल के वातावरण को पूरी तरह से भक्तिमय और आध्यात्मिक बना दिया। भजनों और कथा के इस अद्भुत संगम से वहां मौजूद सभी बंदियों में भारी उत्साह और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस पूरे आयोजन का मुख्य उद्देश्य जेल में बंद कैदियों को मानसिक और नैतिक रूप से मजबूत करना, उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर करना और समाज की मुख्यधारा से दोबारा जोड़ना था।

### जो मन को पाप से बचाता है वही मंत्र है: मुनि श्री निरंजन सागर महाराज

**अशोकनगर।** शहर के पुराना बाजार स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में साइन्स आफ लिविंग के तहत एक विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। यहाँ समाज जनों द्वारा 24 घंटे के अखंड नवकार महामंत्र पाठ का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर परम पूज्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने साइन्स आफ प्रोटेक्शन विषय पर अपने मंगल प्रवचन दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि, जो मन को पाप से बचाता है, उसे मन्त्र कहते हैं।आज विश्व में फैल रही अशांति और तनाव से सुरक्षा पाने के लिए यह अखंड महामंत्र पाठ एक अत्यंत प्रभावशाली अनुष्ठान है। मुनि श्री ने नवकार महामंत्र की महिमा का बखान करते हुए फरमाया कि णमोकार महामंत्र जिनशासन का सार है, जिसे चौदह पूर्वों से निकाला गया है। इस महामंत्र का भक्तिपूर्वक स्मरण करने मात्र से बड़े से बड़े पापों का क्षय हो जाता है। उन्होंने कहा कि यदि तराजू के एक पलड़े पर त्रिलोक की समस्त संपत्ति और दूसरे पलड़े पर णमोकार मंत्र को रखा जाए, तो भी मंत्र वाला पलड़ा ही भारी रहेगा। जो प्राणी स्पष्ट उच्चारण और आनंदित मन से इस मन्त्रराज का निरंतर जाप करता है, उसके सभी मनोरथ अवश्य सिद्ध होते हैं।

# पक्की सड़क को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## विदिशा रोड पर ट्रैक्टर-ट्राली रखकर किया चक्काजाम, राहगीर हुए परेशान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के विदिशा रोड पर अथाईखेड़ा के पास स्थित छैवलई गांव के ग्रामीणों ने रविवार दोपहर पक्की सड़क की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सड़क नहीं बनने से आक्रोशित ग्रामीणों ने बीच सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर दी और बड़ी संख्या में महिला व पुरुष सड़क पर ही बैठ गए, जिसके चलते मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई।



प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव तक पक्की सड़क न होने के कारण बारिश के दिनों में स्थिति बेहद नारकीय हो जाती है। सड़क पर भारी कीचड़ और पानी भर जाने से ग्रामीणों का पैदल निकलना भी दूभर हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ती है, जो इसी कीचड़ भरे रास्ते से होकर विद्यालय जाने को विवश हैं। वहीं प्रदर्शन की सूचना मिलते ही बहादुरपुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और जल्द ही उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया। पुलिस की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया, जिसके करीब आधे घंटे से अधिक समय बाद यातायात सुचारू रूप से शुरू हो सका।

**कई बार दे चुके हैं आवेदन**

ग्रामीणों का कहना है कि वे इस समस्या के समाधान के लिए जनसुनवाई के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार लिखित आवेदन और ज्ञापन सौंप चुके हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिससे मजबूर होकर उन्हें सड़क पर उतरकर यह कदम उठाना पड़ा।

### टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

**अशोकनगर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल अजलेश्वर के शिक्षकों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता का विरोध जताया। इस दौरान शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शासन के समक्ष अपनी नाराजगी दर्ज कराई । शिक्षकों का कहना है कि वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू करना उचित नहीं है उन्होंने सरकार से इस मामले में उचित निर्णय लेते हुए शिक्षकों को राहत देने की मांग की ।

# वार्ड 1 में 20 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क और नाली निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नगर में विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 01 में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का औपचारिक भूमिपूजन किया गया। यह महत्वपूर्ण निर्माण कार्य पुरानी जिला पंचायत के पास वाली गली सहित वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में संपन्न होगा।

लंबे समय से जर्जर स्थिति में पड़ी इस सड़क के निर्माण की शुरुआत होने से मोहल्लावासियों में भारी उत्साह और खुशी का माहौल है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि सड़क खराब होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब सीसी सड़क और नाली का निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुगमता होगी और जल निकासी की पुरानी समस्या से भी स्थाई रूप से निजात मिलेगी।



**प्राथमिकता के आधार पर हो रहे विकास कार्य :**

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में नागरिकों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विकास एवं निर्माण कार्यों को पूरी प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। इसी क्रम में आने वाले दिनों में नगर के अन्य वार्डों में भी सड़क, नाली और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों के भूमिपूजन किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद महेंद्र भारद्वाज, मोनू रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा, राजकुमार यादव, योगेश खेरा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, उपयंत्री भानू कुशवाहा, प्रताप भान यादव आदि मौजूद रहे।

### पुराने अभिलेखों के विनिष्टीकरण से थानों में होगी बेहतर व्यवस्था

**अशोकनगर।** पुलिस प्रशासन ने प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और रिकॉर्ड रूम के बेहतर प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, पुलिस रेगुलेशन के पैरा 970 एवं शासन के दिशा-निर्देशों के तहत थानों में निर्धारित अवधि पूर्ण कर चुके अनुपयोगी और पुराने अभिलेखों का नियमबद्ध विनष्टीकरण किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना देहात प्रभारी पूनम सेलर द्वारा थाना परिसर में पुराने रिकॉर्ड का नियमानुसार विधिवत निस्तारण किया गया।

# ईदगाह चबूतरे के पास फूटी पाइप लाइन

**चमत्कार मानकर देखने पहुंचे लोग**

**नपाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर दिए सुधार के निर्देश**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर के पठार मोहल्ला स्थित ईदगाह चबूतरे के पास शनिवार को अचानक साफ पानी निकलने लगा। पानी बहता देख रविवार को बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा होने लगे और कुछ लोग इसे चमत्कार मान रहे थे। सूचना मिलते ही नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, तो पूरा मामला पाइपलाइन लीकेज का निकला।

दरअसल चबूतरे के पास स्थित नीम के पेड़ के पास नगर पालिका द्वारा जेसीबी से खुदाई कराई गई। जांच में पता चला कि अमाही तालाब से फिल्टर प्लांट तक जाने वाली मुख्य पानी की पाइपलाइन में लीकेज था। शुरुआती जांच में



यह भी सामने आया कि पेड़ की जड़ों और चबूतरे का आकार बढ़ने के कारण पुरानी पाइपलाइन नीचे दब गई थी, जिससे यह क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन पुरानी होने के कारण इसकी जानकारी बहुत कम लोगों को थी।

**नपा अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने लिया जायजा :**

घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान अध्यक्ष श्री मानोरिया ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पाइपलाइन को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि पानी की बर्बादी को रोका जा सके और शहर की जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित न हो। वहीं उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए, जिससे क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



### डोल ग्यारस की तैयारियों को लेकर पुजारी संघ की बैठक संपन्न

**नवभारत अशोकनगर।** आगामी 22 सितंबर को मनाए जाने वाले डोल ग्यारस पर्व को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी सिलसिले में रविवार को शहर के हनुमान धर्मशाला बड़े मंदिर में सर्व मंदिर पुजारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक पुजारी संघ के अध्यक्ष उपेंद्र पाराशर के सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक में पर्व के दौरान निकलने वाले विमानों के रूट और आयोजनों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष उपेंद्र पाराशर ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 सितंबर मंगलवार को दोपहर 3 बजे शहर के सभी विमान गांधी पार्क पर एकत्रित होंगे। यहां से एक भव्य चल समारोह के रूप में सभी विमान ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज के साथ लसी सरोवर के लिए प्रस्थान करेंगे। तुलसी सरोवर पर पहुंचने के बाद भगवान का विधि-विधान से पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात, सभी श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सामूहिक महा आरती संपन्न होगी। कार्यक्रम के अंत में भगवान के जयकारों के साथ सभी विमानों को ससम्मान विदा किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### हनुमान भक्तों को निःशुल्क दिखाई जाएगी हनुमान अंश

**अशोकनगर।** पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी द्वारा हनुमान भक्तों के लिए विशेष धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। श्री तार वाले बालाजी सरकार की प्रेरणा से नीम करौली बाबा जी के जीवन पर आधारित फिल्म हनुमान अंश का नि:शुल्क प्रसारण किया जाएगा। 8 सितंबर मंगलवार को आयोजित इस विशेष शो में दोपहर 3 से 6 बजे तक केवल बहनों के लिए तथा शाम 6 से 9 बजे तक सभी लोगों के लिए फिल्म का नि:शुल्क प्रदर्शन होगा।


**// आम सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ओमवीर सिंह रघुवंशी पुत्र श्री महेन्द्र सिंह रघुवंशी HDFC life का पॉलिसी धारक हूँ। मेरी पॉलिसी संख्या 22277093 में मेरा नाम OMAVIR SINGH लिखा है एवं जन्मतिथि 01-07-1980 अंकित है। जबकि मेरा नाम OMVEER SINGH RAGHUWANSHI है तथा जन्मतिथि 01-01-1981 है। कृपया इसको पॉलिसी में सुधार किया जाए और यहीं पढ़ा जाये।

**सूचनाकर्ता**
**OMVEER SINGH RAGHUWANSHI ASHOKNAGAR**


**आयोजन** | **शिक्षक सम्मान के साथ उत्कृष्ट छात्र को भी किया गया सम्मानित**

# शिक्षक दिवस पर दिगंबर सोशल ग्रुप शाश्वत ने किया शिक्षकों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप शाश्वत द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष स्व. श्री प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल की स्मृति में समाज की दो प्रतिष्ठित प्रतिभाओं एक उत्कृष्ट शिक्षक और एक उत्कृष्ट छात्र को सम्मानित किया गया।

समारोह में ग्रुप के सदस्यों द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में महेंद्र जी जैन कड़ेसर और उत्कृष्ट छात्र के रूप में आदित्य महेंद्र जैन (तरावली) का शॉल, श्रीफल, शील्ड, माला और तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया।

उल्लेखनीय है कि महेंद्र कड़ेसरा पिछले 42 वर्षों से अधिक समय से शिक्षा के क्षेत्र




में अनवरत अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिक्षा के साथ-साथ वे एक कुशल मंच संचालक हैं और दिगंबर जैन पंचायत में मंत्री, उपाध्यक्ष एवं उप मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर समाज को एक नई दिशा प्रदान कर चुके हैं। वहीं आदित्य महेंद्र जैन ने 10वीं कक्षा के इस मेधावी छात्र ने एक ऐसा अनूठा रोबोट तैयार किया है, जो घरों में बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांगजनों की देखभाल में मदद करता है। इस बेहतरीन प्रोजेक्ट के लिए उन्हें इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2025 में द्वितीय पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। इनकी इन्हीं उपलब्धियों और समाज सेवा के लिए ग्रुप ने इन्हें सम्मानित किया। इस गरिमामयी अवसर पर ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष प्रसन्न जैन महिदपुर, अध्यक्ष राजीव जैन, गौरव जैन एलआईसी, राकेश जैन एमएस, महेंद्र जैन एपीसी, सौरभ सिंघई, प्रभात जैन, रितेश बजाज, आदित्य जैन सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।